Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:39 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:30 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 117 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 27 अक्टूबर 2025

मां बनने के बाद परिणीति चोपड़ा ने...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### राज्यपाल आज से दो दिनी दौर पर नैनीताल में

**नैनीताल।** अपर जिलाधिकारी नैनीताल विवेक रॉय ने अवगत कराया कि राज्यपाल उत्तराखंड लेजन गुरमीत सिंह (सेनि)सोमवार (आज) से अपने दो दिवसीय जनपद नैनीताल भ्रमण पर आ रहे हैं। प्राप्त सूचनानुसार राज्यपाल 27 अकटूबर (सोमवार) को अपराह्न 1 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड चंबा टिहरी गढ़वाल से कैलाखान हेलीपैड नैनीताल (राज्य हेलीकॉप्टर द्वारा) के लिए प्रस्थान करेंगे और अपराहन 1.30 बजे कैलाखान, हेलीपैड नैनीताल पहुंचेंगे। वहॉ से कार द्वारा प्रस्थान कर अपराह्न 13.55बजे राजभवन नैनीताल पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम राजभवन नैनीताल में करेंगे। अगले दिन मंगलवार को राज्यपाल अपराह्न 2 बजे राजभवन नैनीताल से कैलाखान के लिए प्रस्थान (कार द्वारा) कर अपराह्न 2 बजे हैलीकॉप्टर से जीटीसी हेलीपैड देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

### साइबर ठगों ने 80 हजार की ठगी की

**हल्द्वानी।** इंदिरा नगर, पप्पू का बगीचा निवासी अनीसुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गए। अनीसुद्दीन ने बताया कि 11 जनवरी 2025 को उनके तीन अलग-अलग बैंक खातों से कुल 80,100 की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। घटना के तुरंत बाद उन्होंने राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। उनकी शिकायतें क्रमांक 33501250000748, 33501250000751 और 33501250000775 के तहत दर्ज हैं। पीडध्ति के अनुसार, शिकायत पर कार्यवाही करते हुए बैंक ने 44,000 की राशि को होल्ड कर लिया है, किंतु शेष धनराशि अब तक वापस नहीं मिली है और न ही आरोपितों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई की गई है। अनीसुद्दीन ने प्रशासन एवं साइबर सेल से आग्रह किया है कि शीघ्र कार्रवाई करते हुए शेष राशि को सुरक्षित कराया जाए तथा आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो अपराधी शेष राशि भी निकाल सकते हैं या धोखाधड़ी से जुड़े डिजिटल सबूत नष्ट कर सकते हैं। पीड़ित ने त्वरित कानूनी कार्यवाही और रिपोर्ट दर्ज कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# छठ महापर्व: भगदड़ की आशंका को लेकर डीजे-आतिशबाजी पर रोक

देहरादून
हमारे संवाददाता

छठ पूजा के दौरान इस बार घाटों पर डीजे नहीं बजेंगे ना ही आतिशबाजी हो सकेगी। घाटों पर भगदड़ की आशंका के चलते पुलिस ने इस बार इसपर रोक लगा दी है।

इसके साथ ही यातायात प्लान जारी करते हुए घाटों पर जाने के लिए पार्किंग भी तय कर दी है। पूजा के दौरान वाहन गलत पार्किंग में खड़ा किया तो पुलिस 1200 रुपये का चालान कर वाहन का टो करेगी। इसके लिए दो क्रेन भी तैनात की गई हैं। छठ पूजा के लिए



प्रेमनगर, मालदेवता, चंद्रबनी, नेहरू कॉलोनी आदि क्षेत्रों में पूजा होगी। 27 और 28 अक्तूबर के लिए पुलिस ने यातायात प्लान जारी कर दिया गया है। सुरक्षा को देखते हुए घाटों पर अधिकारियों समेत पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगा दी गई है।

### दिल्ली में ट्रैफिक पुलिस अलर्ट मोड पर

छठ महापर्व पर दिल्ली में ट्रैफिक पुलिस अलर्ट मोड पर है। भीड़ नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। शहर में पूजा वाले स्थानों के आसपास भारी वाहनों के आने जाने के लिए रोक लगाई गई है। ट्रैफिक पुलिस ने निजी वाहनों का प्रयोग नहीं करने और सार्वजनिक परिवहन से आवागमन की अपील की है। खजूरी खास में सोनिया विहार की ओर जाने वाला ट्रैफिक नानकसर से पुरानी वजीराबाद रोड की ओर डायवर्ट किया गया है। सोमवार को शाम और मंगलवार की सुबह व्रती महिलाएं भगवान सूर्य को मुख्य अर्घ्य देंगी। ऐसे में 27 अक्तूबर की दोपहर से 28 अक्तूबर की सुबह तक दिल्ली के कई हिस्सों में भारी ट्रैफिक जाम रहेगा। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ और यातायात दबाव को देखते हुए पुलिस ने कुछ मार्गों में फेरबदल किया है। छठ पूजा स्थलों के आसपास जैसे कि एमबी रोड (लालकुआं से तुगलकाबाद एक्सटेंशन तक), खदर कालिंदी कुंज रोड, आगरा नहर रोड और रोड नंबर 13 पर जाम की संभावना अधिक है।


गृह मंत्री अमित शाह का बयान

# एक दशक में किए सुधारों से समुद्री क्षेत्र में उभरती हुई ताकत बना देश

मुंबई
एजेंसी

अमित शाह ने कहा कि भारत का समुद्री इतिहास 5000 साल पुराना है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नया समुद्री इतिहास लिख रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का उद्घाटन किया। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद रहे। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि गेटवे ऑफ इंडिया की जगह ये सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में मंथन के बाद जो विचार सामने आएंगे, उनसे गेटवे ऑफ इंडिया गेटवे ऑफ वर्ल्ड में बदल जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बीते एक दशक में मेरीटाइम इकॉनोमी में जो सुधार किए गए हैं, उनके चलते भारत वैश्विक समुद्री नक्शे पर एक उभरती हुई ताकत बनकर खड़ा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने



कहा कि भारत की मेरीटाइम स्थिति, लोकतांत्रिक स्थिरता और नौसैन्य क्षमताएं हिंद प्रशांत और वैश्विक दक्षिण क्षेत्र में विकास, सुरक्षा और पर्यावरण को बढ़ावा दे रही हैं।

शाह ने कहा कि भारत का समुद्री इतिहास 5000 साल पुराना है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नया समुद्री इतिहास लिख रहा है। अमित शाह ने कहा कि भारत की समुद्री ताकत और सुरक्षा की दृष्टि से इसकी लोकेशन बेहद अहम है। भारत की तट रेखा 11 हजार किलोमीटर लंबी है। देश में 13 तटीय राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं। देश की जीडीपी में समुद्री व्यापार करीब 60 प्रतिशत है। हिंद महासागर के 28 देश वैश्विक निर्यात में 12 प्रतिशत का योगदान देते हैं। आज मेरीटाइम सम्मेलन के जरिए हम वैश्विक निवेशकों और वैश्विक मेरीटाइम इंडस्ट्री के सामने अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।


हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में भारत मेरीटाइम वीक सबसे प्रतिष्ठित मंच बनकर उभरा है। यह सम्मेलन का चौथा संस्करण है और मुझे उम्मीद है कि ये विकसित भारत के लक्ष्य को पाने में अहम योगदान देगा। यहां 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश के अवसर बनेंगे।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के दौरे से हल्द्वानी-नैनीताल में ट्रैफिक डायवर्जन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

पुलिस ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के जनपद नैनीताल दौरे के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन ने दो दिवसीय विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है। यह प्लान 27 अक्टूबर और 28 अक्टूबर को वीवीआईपी फ्लीट के आवागमन के दौरान लागू रहेगा। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कई मार्गों पर अस्थायी डायवर्जन और रोक व्यवस्था लागू की है।

फ्लीट के प्रस्थान से 15 मिनट पूर्व जीरो जोन लागू किया जाएगा। 29 अक्टूबर 2025 को जनपद सीमा में वीवीआईपी फ्लीट के प्रवेश के साथ पुन: पूर्ववत ट्रैफिक प्लान और जीरो जोन व्यवस्था लागू की जाएगी। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सोमवार से चार दिवसीय कुमाऊं प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह 27 अक्टूबर को दोपहर लगभग 12 बजे इंडिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली से पंतनगर पहुंचेंगे। यहां से वह सीधे पंतनगर एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जाएंगे। एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में आयोजित लंच कार्यक्रम के बाद कोविंद विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम



पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन करेंगे। शाम लगभग 5:30 बजे पूर्व राष्ट्रपति राजभवन नैनीताल पहुंचेंगे, जहां राज्यपाल उत्तराखंड द्वारा उनके सम्मान में भोज का आयोजन किया जाएगा। वह इसी दिवस राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। उत्तराखंड होटल बुकिंग 28 अक्टूबर को वह सड़क मार्ग से द्वाराहाट, अल्मोड़ा प्रस्थान करेंगे। 29 अक्टूबर को दुग्धेश्वर धाम भ्रमण के उपरांत शाम को पुन: राजभवन, नैनीताल वापसी होगी। 30 अक्टूबर को दोपहर बाद वह पंतनगर से उड़ान द्वारा दिल्ली लौट जाएंगे।

पूर्व राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा ने वीवीआईपी रूट पर विशेष निर्देश जारी किए हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात का 127 वें एपिसोड का प्रसारण,कार्यकर्ताओं ने सुना

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 127 वें एपिसोड का प्रसारण किया गया। जिसे देशभर में 33 भाषाओं और 29 बोलियां में सुना गया। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने त्योहारों से लेकर ऑपरेशन सिंदूर, सरदार पटेल की जयंती, स्वदेशी रोजगार ,पर्यावरण की रक्षा समेत तमाम विषयों पर चर्चा की जिसे पूरे देशवासियों ने घर-घर में ध्यान से सुना। इसी क्रम में भाजपा सह प्रभारी काशीपुर भारत भूषण चुघ ने सहयोगियों के साथ मन की बात बूथ संख्या 141जितेंद्र संधू के प्रतिष्ठान पर परिचर्चा में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने त्योहारों से मन की बात की शुरुआत की। दीपावली के त्यौहार के बाद छठ पूजा का उत्सव पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है छठ पर्व श्रद्धा, अपनापन और परंपराओं का अवसर है जो बेहद ही प्रेरणादायक है। पीएम मोदी ने कहा कि छठ पूजा देश की एकता का सुंदर उदाहरण है। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश के करोड़ों लोगों का गर्व से भर दिया। जिस प्रकार से भारत के वीर सैनिकों ने दुश्मन देश को करारा जवाब दिया वह दुश्मन देश याद रखेगा। पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी बचत को भी लेकर देशवासियों में खासा उत्साह है। भाजपा नेता चुघ ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने स्वदेशी अपनाने पर भी बल दिया।

### सिरफिरे ने कालोनी गेट पर खड़े वाहनों में आग लगाने का प्रयास

**रुद्रपुर।** कुछ दिन पूर्व रुद्रपुर कोतवाली से तमंचे के साथ गिरफ्तार और सामिया लेक सिटी निवासी महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले सिरफिरे ने कालोनी के गेट पर वाहनों में पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। विरोध करने पर सुरक्षा कर्मी की धुनाई कर वर्दी उतरवा दी। मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। उधर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई को कालोनी के लोग एसएसपी दरबार पहुंचे और न्याय की गुहार। कालोनी के लोगों के मुताबिक शनिवार सुबह सामिया लेक सिटी निवासी रवि यादव सामिया लेक सिटी गेट पर पहुंचा और वहां खड़े वाहनों में पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया।

# नादस्पर्शम् की शुभ संध्या में कलाकारों का जलवा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नादस्पर्शम् संगीत विद्यापीठ बसंत विहार द्वारा शुभ संध्या का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, निदेशक डॉ कोमल चंद्र जोशी, पण्डित चंद्र शेखर तिवारी, विवेक कश्यप द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया और साथ ही उत्तरांचल मातृ एवं बाल कल्याण समिति ने अपनी वार्षिक स्मारिका का विमोचन भी किया।

तत्पश्चात प्रखर जोशी बांसुरी, सिद्धि पंत वायलिन एवं इशिता जोशी ने मां सरस्वती वंदना से मां सरस्वती का आह्वान किया तथा दृष्टि चौधरी ने कत्थक में गुरु वंदना से अतिथियों का स्वागत किया। जगत सैंटियाल एवं लक्ष्य द्वारा बांसुरी में राग भुपाली की



जुगलबंदी एवं शिवम द्वारा महाभारत थीम पर मनमोहक प्रस्तुति, तबले में रिजुल पांडे ने झपताल, दिनेश फर्त्याल एवं गिरीश बिष्ट जी ने तीन ताल, हार्मोनियम में ओम ने श्री राम भजन एवं आदित्य ने पहाड़ी भजन प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात कुमकुम द्वारा कोई कहियो रे एवं इशिता जोशी द्वारा जिया ले गयो रे ने राग यमन ने समा बांधा।

तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन वायलिन में सिद्धि पंत द्वारा इंस्ट्रुमेंटल एवं पंडित गोपाल जोशी द्वारा सुन्दर पहाड़ी धुन बजाकर किया।

# नैनीताल में संवाद वेलनेस मेला का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



पुलिस लाइन नैनीताल में आयोजित दो दिवसीय संवाद वेलनेस मेला का शुभारंभ कुमायूँ कमिश्नर दीपक रावत एवं पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ रिद्धिम अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया।

कुमायूँ कमिश्नर दीपक रावत ने कहा कि आईजी कुमायूँ की यह पहल पुलिस बल में सकारात्मकता तथा संवाद और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि वेलनेस मेला पुलिस कर्मियों व उनके परिवारों को स्वास्थ्य तथा शिक्षा व कैरियर तथा मानसिक परामर्श एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी सेवाएँ एक ही मंच पर मुहैया करा रहा है जो वास्तव में एक समग्र कल्याण मॉडल को दर्शाता है।मेले में कुमायूँ परिक्षेत्र के विभिन्न जनपदों से आए पुलिस कर्मियों के बच्चों व अभिभावकों के लिए दिल्ली से आए विशेषज्ञ काउंसलरों द्वारा करियर मार्गदर्शन कार्यशालाएँ आयोजित की गईं जिनमें लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कुमायूँ कमिश्नर ने सुझाव दिया कि इस प्रकार के वेलनेस व संवाद कार्यक्रम केवल पुलिस विभाग तक सीमित न रहकर अन्य सरकारी विभागों में भी आयोजित किए जाने चाहिएए जिससे शासन-प्रशासन में संवेदनशीलता और मानवीय जुड़ाव को बल मिलेगा। एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा समेत एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चन्द्र सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल तथा गाइडेंस फॉर कैरियर नई दिल्ली के काउंसलर राजेश मिश्राए द स्कूल ऑफ काउंसलर दिल्ली की डॉ डायना चेरियान तथा डायरेटर संवाद आरती शंखला एवं कोऑर्डिनेटर प्रोजेकट संवाद सहित अनेक अधिकारी एवं पुलिसकर्मी रहे।

**आयोजन**

- कुमाऊं कमिश्नर रावत बोले- संवाद पुलिस बल में जागृति और जुड़ाव का सेतु बन रहा है



# निहारिका रही अंतर विद्यालय ऐपण प्रतियोगिता में अव्वल

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अंतर विद्यालय ऐपण प्रतियोगिता में प्रथम निहारिका साह (मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर),द्वितीय अस्मिता परिहार (सनवाल स्कूल) जबकि तृतीय दिशा कत्यूरा (भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय)रही जबकि चतुर्थ कार्तिका बिष्ट (भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय) वहीं पंचम स्थान पर गीतांजलि हाल्सी (मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर),षष्ठम भावना तिवारी (भारतीय शहीद सैनिक स्कूल) रही वही विशेष सांत्वना पुरस्कार निकिता पाण्डेय राजकीय इंटर कालेज बगड़ तथा सौमया खोलिया (बिशप शॉ स्कूल नैनीताल) को प्रदान किया गया।

**प्रतियोगिता में विजेता को मिला यह पुरुस्कार:** दोनों वर्गो में विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार व ट्राफी प्रदान की गयी। इसके तहत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार में 2 हजार रुपएं और ट्रॉफ ी जबकि द्वितीय पुरस्कार में 1500 रुपएं और ट्रॉफ ी जबकि तृतीय पुरस्कार मे 1 हजार रुपएं00 और ट्रॉफ ी भेंट की गयी वहीं चतुर्थ पुरस्कार में 800 रुपएं और ट्रॉफ ी, पंचम पुरस्कार में 600 रुपएं और ट्रॉफ ी जबकि षष्ठम पुरस्कार में 5 00 रुपएं तथा ट्रॉफ ी प्रदान की गई ।

**ओपन ऐपण प्रतियोगिता में यह रहे विजेता:** ओपन ऐपण प्रतियोगिता में प्रथम अंकिता भंडारी,द्वितीय अंगिका पंत तथा तृतीय हादीया अंसारी रही जबकि चतुर्थ यशस्वी रावत,पंचम हर्षिता शर्मा,षष्ठम भगवती शर्मा रही।

# अपराधियों के खिलाफ कड़ा रुख,पांच हजार रुपए का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के कुशल निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे वांछित/ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत रुद्रपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने डेढ़ वर्ष से फरार ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक सर्विलांस टीम और मुखबिर की सूचना पर 5 हजार रुपए ईनामी वांछित अभियुक्त जीवनचंद पांडे पुत्र कौस्तुभानंद पांडे निवासी मकान नंबर 72, छढ़ायाल नयाबाद, बद्री विशाल कॉलोनी, थाना मुखानी, जनपद नैनीताल को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली रुद्रपुर के मुकदमें संख्या 484/2024 धारा 406, 420, 467, 468, 471, 120-बी आईपीसी एवं मुकदमा संख्या 485/2024 धारा 406, 420, 467, 468, 471, 120-क्ष आईपीसी में वांछित था। तभी से वह लगातार फरार चल रहा था। उसके विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई की जा चुकी थी।

बाद में उस पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। पुलिस टीम में निरीक्षक मनोज रतूड़ी कोतवाली रुद्रपुर,एसएसआई नवीन बुधानी, एएसआई नवीन जोशी, कांस्टेबल महेंद्र कुमार,एसओजी भूपेंद्र आदि शामिल रहे।



## NEWS / फटाफट

### नैनीताल में कूटा ने किया प्रसिद्ध रसायन शास्त्री वैज्ञानिक प्रो. नंद गोपाल साहू का सममान



**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) ने शनिवार को विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के प्रसिद्ध रसायन शास्त्री वैज्ञानिक प्रो. नंद गोपाल साहू को फैलो ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज नासी फैलो बनने पर उनका स्वागत एवं सममानित किया । इस दौरान प्रो. साहू को शॉल उड़ाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट एवं पौधे के लायर भेंट कर समानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उल्लखेनीय है कि प्रो. साहू फैलो ऑफ रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री सहित विश्व की वैज्ञानिकों की 2 प्रतिशत सूची मै शामिल हैं ।उनके 24 पार्टनर प्रकाशित हैं तथा वेस्ट से ग्राफ ीन बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है । इस मौके पर कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. सुषमा टमटा ,डॉ महेश आर्य, डॉ ललित मोहन ,डॉ. नवीन पांडे तथा डॉ अमित मेलकानी मौजूद रहे।

### नैनीताल में पर्यटक वाहन से राह चलते रेस्टोरेंट व्यवसायी को लगी टक्कर



**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में शनिवार को पर्यटक वाहन से राह चलते रेस्टोरेंट व्यवसायी को टक्कर लग गई जिसके चलते वह चोटिल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार दिलाया। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह माल रोड के प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट स्वामी संजीव बिरमानी (65) बाजार की ओर पैदल जा रहे थे। मल्लीताल में नैनीताल बैंक मुखयालय के समीप पीछे से आ रहे यूपी नंबर की स्विफट डिजायर पर्यटक वाहन यूपी 37-जेड-3474 की टक्कर से वह सडक़ पर जा गिरे। हादसा होता देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर मौजूद प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, सूखाताल वार्ड की पालिका सभासद गजाला कमाल समेत अन्य स्थानीय लोगों व पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। शाम को चार बजे पीएमएस डा. टीके टमटा ने बताया कि उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। दूसरी ओर सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने प्रशासन से गुजारिश की है कि वह चीना बाबा चौराहे से लेकर स्टेट बैंक तिराहे तक चौपहियां वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद करें जिससे राहगिरों को हादसों का शिकार न होना पड़े।

### शोध छात्रा फौजिया की पीएचडी मौखिक परीक्षा आयोजित



**नैनीताल**। शोध छात्रा फौजिया की पीएचडी की मौखिकी परीक्षा आयोजित हुई। उन्होंने वाणिज्य विभाग राजकीय महाविद्यालय बाजपुर के डॉ. मनप्रीत सिंह के निर्देशन मे पूर्ण किया। फ ौजिया की मौखिकी परीक्षा वाणिज्य संकाय डीएसबी परिसर नैनीताल में संपन्न हुई उनकी मौखिक परीक्षा अलीगढ़ मुस्लिम विश्विद्यालयअलीगढ़ के प्रोफेसर एस एम इमामुल हक द्वारा ऑनलाइन माध्यम से ली गई। इस अवसर पर प्रोफेसर अतुल जोशी संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय समेत डा.मनप्रीत आंतरिक परीक्षक समेत डॉ आरती पंत डॉ.विजय कुमार डॉ ममता जोशी डॉ विनोद जोशी डॉ. निधि वर्मा डॉ जीवन उपाध्याय डॉ हिमानी जलाल डॉ पूजा जोशी डॉ तेज प्रकाश डॉ. रितिशा शर्मा डॉ गौतम रावत डॉ मैराज और डॉ ताबिश ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। फ ौजिया ने डाकटरेट की उपाधि का श्रेय अपने पिता शमीम अहमद और अपनी माता श्रीमती तबस्सुम को भी दिया है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# सीवर लाइन के कार्य के दौरान फटी पेयजल लाइन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल क्षेत्र में शनिवार को सीवर लाइन की मरमत के काम के दौरान पेयजल लाइन फट गई। लाइन में पानी का प्रेशर होने के चलते पानी तीस से चालीस फ ीट तक जा पहुंचा। इस दौरान क्षेत्र में हडक़ंप मच गया। पूर्व में भी नगर में एसी घटनाएं हो चुकी हैं, इस घटना के बाद भी लोगों ने जल संस्थान पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में शनिवार को आवागढ़ क्षेत्र में जल संस्थान की ओर से सीवर लाइन की मरमत का कार्य किया जा रहा था। खोदाई के दौरान वहां से गुजर रही चार इंच की डिस्ट्रीयूसन पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। लाइन क्षतिग्रस्त होते ही प्रेशर से पानी तीस से चालिस फ ीट तक आसमान की ओर जा पहुंचा। जिसके चलते मौके पर हडक़ंप मच गया। इस दौरान आस पास के लोगों ने वीडियो बनाकर जल संस्थान के अधिकारियों को भेजे। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर इंटर चीना टैंक से पानी की सप्लाई बंद कराई लेकिन उसके बाद भी आधे घंटे तक पानी फव्वारा बन बहता रहा। जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बताया कि लाइन में सप्लाई बंद कर दी गई है। बताया कि मरम्मत की जा रही है।

**आरोप**

- लोगों ने लगाया जल संस्थान पर लापरवाही का आरोप
- पानी की सप्लाई बंद करने को बाद मरम्मत किया जा रहा है

# ड्यूटी से वापस लौट रहा कंपनी कर्मी पर बदमाशों ने हमला किया,लूटपाट

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत कर्मचारी को ड्यूटी से वापस आते समय रास्ते में बदमाशों ने घेर कर हमला कर दिया। बदमाशों ने कर्मचारी से नगदी, मोबाइल, सोने की चेन लूट कर फरार हो गए। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल के आस लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। उत्तरांचल कालौनी मेहराया रोड लालपुर किच्छा निवासी हरिदर्शन मिश्रा पुत्र कृष्ण नंद मिश्रा सिडकुल औद्योगिक आस्थान स्थित किसी फैक्ट्री में कार्यरत है। फैक्ट्री की बस लालपुर मुख्य मार्ग पर उतार देती है। शनिवार मध्य रात्रि वह डयूटी कर अपने साथी देवेंद्र सिंह मेहरा के साथ बस से उतरने के बाद अपने घर लौट रहा था। मेहराया मार्ग पर उसके घर से कुछ पहले लगभग सवा बारह बजे दो बाईक सवार छह बदमाशों ने उसे घेर कर हमला कर दिया। जब उसके साथी देवेंद्र सिंह ने उसे बचाने का प्रयास किया तो उन्होंने उसको भी पीटा और उसकी जेब से 12 हजार की नकदी, मोबाइल फोन व सोने की अंगूठी लूट कर फरार हो गए। जाते हुए वह पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते गए।सिर पर गंभीर रूप से चोट लगने पर उसे सीएचसी किच्छा में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने भी रविवार दोपहर घटना की जानकारी मिलने पर लालपुर चौकी प्रभारी बसंत प्रसाद ने घटना स्थल पर पहुंच कर दुकानों पर लगे सीसीटीवी खंगाल लोगों से जानकारी ली। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। पुलिस बदमाशों को चिन्हित की कार्रवाई में जुटी है। जल्दी ही बदमाश पुलिस के शिकंजे में होंगे। **घटना सीसीटीवी में हुई रिकार्ड:** हरिदर्शन मिश्रा के साथ हुई लूट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने घटना स्थल पर दुकान में लगे सीसीटीवी की फुटेज को कब्जे में ले लिया है। पुलिस सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर बदमाशों को चिन्हित की कार्रवाई कर रही।

**वारदात**

- मौके पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले
- पुलिस का दावा बदमाश जल्दी होंगे पुलिस के शिकंजे में

# अभिमत

## खेल न खेले

***अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को हरकत से बाज आने की सख्त चेतावनी दी है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्र में धमाके किये हैं। तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने कहा कि अफगानों के हौसले को परखने की हिम्मत न करे। अगर कोई शक है तो ब्रिटेन, सोवियत संघ, अमेरिका और नाटो से पूछ ले कि अफगानिस्तान से खेलना कितना भारी पड़ सकता है। पाकिस्तान खेल न खेले। अफगानिस्तान ने भारत के साथ सहयोग का हाथ बढ़ाया है। भारत ने उसे मदद दी है।***

भारत ने पाकिस्तान को सुधरने के अनेक मौके दिये हैं। भारत ने कभी युद्ध की पहल नहीं की। देश का विभाजन होने के बाद पाकिस्तान ने खुद को मजहब के आधार पर इस्लामी मुल्क घोषित किया। भारत ने स्वयं को हिन्दू राष्ट्र कभी नहीं कहा। इस्लामी मुल्क होने के बाद भी पाकिस्तान ने दूसरे इस्लामी मुल्कों के साथ रिश्ते नहीं सुधारे। भारत ने हमेशा पाकिस्तान के साथ पड़ोसी की भावना से सौहार्द्रपूर्ण संबंध की उम्मीद रखी। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को हरकत से बाज आने की सख्त चेतावनी दी है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्र में धमाके किये हैं। तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने कहा कि अफगानों के हौसले को परखने की हिम्मत न करे। अगर कोई शक है तो ब्रिटेन, सोवियत संघ, अमेरिका और नाटो से पूछ ले कि अफगानिस्तान से खेलना कितना भारी पड़ सकता है। पाकिस्तान खेल न खेले। अफगानिस्तान ने भारत के साथ सहयोग का हाथ बढ़ाया है। भारत ने उसे मदद दी है। अफगानिस्तान में सोवियत संघ ने कई वर्षों तक सेना रखकर कब्जे का प्रयास किया। अफगानिस्तान के लोगों ने विदेशी सैनिकों को पैर नहीं जमाने दिये। अंततः सोवियत संघ की सेना को लौटना पड़ा। इसके बाद अमेरिका की सेना अफगानिस्तान में रही। तालिबान के साथ संघर्ष में अनेक अमेरिकी सैनिक मारे गये। अमेरिका ने अफगानिस्तान को आतंकियों से प्रभावित अशांत क्षेत्र बताकर नाटो की मदद से ब्रिटेन की सेना को भी बुला लिया। तालिबान ने हार नहीं मानी और अमेरिका तथा नाटो के सैनिक भाग खड़े हुए। अब पाकिस्तान की सेना अफगानिस्तान पर कब्जा करना चाह रही है, जबकि पाकिस्तान के बलूचिस्तान, पीओके आदि क्षेत्र में बगावत हो रही है। पाकिस्तान से अपना घर संभल नहीं रहा है और अफगानिस्तान में घुसपैठ कर रहा है। भारत का विमान अपहृत करके अफगानिस्तान के कंधार में उतारा गया था। उस दौरान दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई थी। अब पाकिस्तान से मुकाबले के लिए अफगानिस्तान ने मदद मांगी है, क्योंकि अमेरिका से उम्मीद नहीं है। चीन लगातार पाकिस्तान को मदद देता है। भारत ने अफगानिस्तान की गुहार को स्वीकार किया है। अफगानिस्तान ईमानदारी से भारत की मदद का इस्तेमाल पाकिस्तान से मुकाबले के लिए करेगा तो आत्मनिर्भर हो जायेगा। इसके बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके को आजाद कराना चाहिए।

# सहायक वन कर्मचारी संघ की आम सभा वन परिसर रामनगर में आयोजित

**रामनगर**

**हमारे संवाददाता**

सहायक वन कर्मचारी (वन दरोगा) संघ की आम सभा रविवार को वन परिसर रामनगर में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष स्वरूप चंद्र रमोला ने की।

सभा में सभी सदस्यों ने एक स्वर में मांग उठाई कि फील्ड में कार्यरत वन दरोगाओं से अवकाश के दिनों में भी काम लिया जाता है, इसलिए उन्हें एक माह का अतिरिक्त वेतन दिया जाए। इसके साथ ही यह भी मांग की गई कि विभागीय कार्यों को कोटेशन के बजाय टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कराया जाए ताकि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

सभा में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को वन तस्करों से मुठभेड़ की स्थिति में आत्मरक्षा के लिए पुलिस की भांति शस्त्र चलाने की अनुमति दी जाए। उपवन क्षेत्राधिकारी के रिक्त पदों को वन दरोगाओं का प्रमोशन कर शीघ्र भरा जाए। इसके अलावा आगामी प्रदेश स्तरीय चुनाव को भी जल्द आयोजित करने पर सहमति बनी।



कार्यक्रम का संचालन प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री बृज मोहन रावत, दक्षिणी कुमाऊं वृत अध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी, मंत्री रणजीत सिंह थापा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम भरोसे, संरक्षक ललित हरबोला, भूमि संरक्षण वन प्रभाग नैनीताल अध्यक्ष जीवन कांडपाल, दक्षिणी कुमाऊं वृत कोषाध्यक्ष गिरधर सिंह नेगी, नैनीताल वन प्रभाग मंत्री राजेंद्र करायत, अतिरिक्त भूमि संरक्षण वन प्रभाग अध्यक्ष मुकेश भारती सहित संतोष जोशी, अनिल चौहान, मोहन पांडे, राजेंद्र जोशी, सुरेश जोशी, शशि वर्धन अधिकारी, दया किशन तिवारी, प्रयाग दत्त चौबे एवं विभिन्न सर्किलों व डिवीजनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एआईसीआरपी परियोजना के प्रयास से गेठिया एवं बेलुवाखान गांवों में कस्टम हायरिंग केन्द्रों का शुभारंभ

**रुद्रपुर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर वीमेन इन एग्रीकल्चर भुबनेश्वर की निदेशक डॉ. मृदुला देवी ने भीमताल ब्लॉक के ग्राम गठिया एवं बेलुवाखान में कस्टम हायरिंग केंद्रों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम आईसीएआर सीवा एवं एआईसीआरपी (पंतनगर) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस मौके पर दोनों गाँव की ग्राम प्रधान व समूह की सक्रिय सदस्याएं रजनी देवी,आनंदी देवी,विनीता बोरा, मधु देवी आदि ने कार्यक्रम के संचालन में बढ़ चढ़ के सहयोग किया। कस्टम हायरिंग सेंटरों में ऑटोमैटिक सिलाई मशीने रखी गई। जिससे ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। डॉ. मृदुला देवी ने कहा कि कस्टम हायरिंग सेंटर की मदद से ग्रामीण महिलाओं साथ मिलकर कार्य करेंगी और यह उन्हें आर्थक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा।इससे महिलाएं अपने परिवार के लिए अतिरिक्त आय भी प्राप्त करेंगी। इस तरह से वे देश के प्रगति में भी हिस्सेदार बनेगीं। कार्यक्रम के दौरान गेठिया गांव में एआईसीआरपी कृषि में महिलाएँ (पंतनगर) द्वारा स्थापित रिसोर्स सेंटर का भी अवलोकन किया गया।

## कुविवि ने विद्यार्थियों से मांगे ऑनलाइन आवेदन

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने संबद्ध परिसर व महाविद्यालय व संस्थान के विद्यार्थियों से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन मांगे हैं। कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल ने बताया स्नातक तथा स्नातकोत्तर व व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत मुखय बैक व एकस के सभी विषम सेमेस्टर (तृतीय/ पंचम/ सप्तम व नवम) के परीक्षा आवेदन के लिए समर्थ व ईआरपी पोर्टल से आज यानी शनिवार से 10 नवंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। इसके अलावा ईआरपी पोर्टल पर बैक परीक्षा (स्नातक व स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर) के लिए भी परीक्षा आवेदन पत्र खोला जा रहा है। बताया कि निर्धारित तिथि तक यदि किसी विद्यार्थी की ओर से परीक्षा आवेदन पत्र कतिपय कारणों से नहीं भरा जाता है तो ऐसे विद्यार्थी 10 नवंबर तक पाठ्यक्रम अनुरूप निर्धारित शुल्क का 50 प्रतिशत अतिरिक्त विलंब शुल्क और 14 से 16 नवंबर तक पाठ्यक्रम अनुरूप निर्धारित शुल्क का 100 प्रतिशत अतिरिक्त विलंब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर पायेंगे।

# कुमाऊं विवि के शोधार्थियों को दी शोध प्रकाशन में एआई के सदुपयोग की जानकारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के भू विज्ञान विभाग और भीमताल परिसर के बायोटेनोलॉजी विभाग की ओर से हार्मिटेज भवन में शोधार्थियों के लिए लेखन कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें शोधार्थियों को शोध प्रकाशन में एआई के सदुपयोग की जानकारी दी।

बता दें कि हार्मिटेज भवन में लेखन कौशल स्किल विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुखय वक्ता के अशोक विश्विद्यालय सोनीपत हरियाणा के प्रो. सौरव पाल व डॉ. रोहित भाटिया रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. बीना पांडे ने किया। कार्यक्रम के मुखय वक्ता रोहित भाटिया ने बताया कि लेखन अभिव्यक्ति का सबसे बेहतर तरीका हैं, अपने शोध को लिखने के लिए हमेशा महत्वपूर्ण और सरल शब्दों का चयन करे स शोध के परिचय में 250 से300 शबदों में उसके डेटा और शोध संस्थानों की संक्षिप्त जानकारी दे जिससे शोध की जानकारी आसानी से मिल सके स शोधकर्ता की लेखन शैली उसके शोध की अभिव्यक्ति होती है, जितना अधिक हम पढ़ते हैं हमारा लेखन उतना ही बेहतर होता है, दूसरे को दिखने के लिए यदि हम अतिरिक्त लिखेंगे तो हमारा वास्तविक लेखन नहीं रहेगा। शोध को बेहतर लिखने के लिए अपनी 100वीं की ग्रामर का अध्ययन कर उसे बेहतर करे स शोध का टाइटल को शोध कार्य के अनुसार तय करें जिससे से आपके शीर्षक के आपके कार्य के अध्ययन में आकर्षण हो। उन्होंने बताया कि संपूर्ण शोध को कभी भी ए आई से न लिखे, जो भी डेटा हम एआई से ले उसको क्रॉस चेक अवश्य करें। कहा कि ए आई से हम अपने डेटा का ग्राफ और चित्रण के लिए उपयोग कर सकते हैं। अपने शोध का डेटा ए आई में न डाले तथा ए आई से हम गूगल नोट बुक क्रिएट कर सकते हैं जिससे हमें अपने शोध का संपूर्ण सार को लिखने में मदद ले सकते हैं। इस मौके पर प्रो. सौरव पाल ने बताया कि ए आई टूल शोध में कई प्रकार से हमारे शोध में मददगार है, उन्होंने बताया कि इससे हम अपनी एक चेक लिस्ट की वार्ड तैयार कर सकते हैं लेकिन अपने शोध को हमेशा अपनी रिसर्च पर लिखे कयोंकि ए आई में कोई भी ऑथेंटिक डेटा नहीं होता है । शोधार्थी के शोध और तथ्यों को हमेशा सच माना जाता है इसलिए हमेशा डेटा को क्रॉस चेक कर ले। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. राजीव उपाध्याय ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों की स्किल को बढ़ावा देना है।कई बार छात्र अपने शबदों को लिख नहीं पाते है शबदों का का चयन नहीं कर पाते हैं। इस दौरान प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. रमेश चंद्रा तथा डॉ. निमृत शाह आदि मौजूद रहे।

## फिल्मी दुनिया

# मां बनने के बाद परिणिती चोपड़ा ने किया मजेदार पोस्ट





*भिनेत्री परिणिती चोपड़ा ने कुछ दिन पहले अपने पहले बेबी का स्वागत किया है। अब उन्होंने सोशल मीडिया पर फनी रिएक्शन देते हुए अपनी फीलिंग को जाहिर किया। बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत फेज में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने पति और आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा के साथ बेटे का स्वागत किया है। 19 अक्टूबर को दोनों के घर किलकारियां गूंजीं और अब परिणीति ने सोशल मीडिया पर मां बनने के बाद पहली बार रिएक्ट किया है। मां बनने के बाद परिणीति चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक बेहद फनी रिएक्शन शेयर किया, जिसने फैंस को खूब हंसाया। उन्होंने आमिर खान की फिल्म 'अंदाज अपना अपना' का एक सीन पोस्ट किया, जिसमें आमिर पहले जोर-जोर से हंसते हैं और फिर अचानक रोने लगते हैं। वीडियो के आखिर में एक डायलॉग सुनाई देता है- खत्म, टाटा बाय-बाय। परिणीति ने इसी क्लिप पर लिखा- जब एहसास हुआ कि अब मैं पूरी तरह मम्मी बन चुकी हूं और सिर्फ प्रेग्नेंट नहीं हूं। इसके साथ उन्होंने दो हंसते हुए इमोजी भी लगाए।*

## राघव और परिणीति की लव स्टोरी

*बॉलीवुड और राजनीति की दुनिया से आने वाले इस कपल की जोड़ी हमेशा चर्चा में रही है। दोनों की मुलाकात कुछ साल पहले लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के दौरान हुई थी, जहां से उनकी दोस्ती ने धीरे-धीरे प्यार का रूप लिया। मई 2023 में दोनों ने दिल्ली के कपूरथला हाउस में सगाई की थी। कुछ महीनों बाद, सितंबर 2023 में उन्होंने राजस्थान के उदयपुर के लीला पैलेस में शाही अंदाज़ में शादी की थी।*

*राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा ने 19 अक्टूबर को अपने बेटे के जन्म की घोषणा करते हुए लिखा था, %वो आ गया है! हमारा नन्हा बेटा। पहले हमारे पास एक-दूसरे थे, अब हमारे पास सब कुछ है। इस पोस्ट के साथ दोनों ने फैंस का दिल जीत लिया था।*

# नैनीताल में ऐपण प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के प्रतिष्ठित साह-चौधरी समाज और वृंदावन पबलिक स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को द्वितीय राजेन्द्र लाल साह स्मृति ओपन ऐपण प्रतियोगिता और 12वीं चन्द्र लाल साह स्मृति अंतर विद्यालय ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बता दें कि प्रतियोगिता की ओपन और स्कूली प्रतियोगिता में कुल मिलाकर 60 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता मे निर्णायकों की भूमिका बृज मोहन जोशी,श्रीमती सुधा साह, श्रीमती मंजू साह,श्रीमती जानकी साह और श्रीमती शीला साह द्वारा निभायी गयी। प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा अपनी पारंपरिक कला को बहुत ही नियमों का पालन करते हुए बनाया गया। प्रतियोगिता के मुखय अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी व संस्कृति कर्मी प्रभात साह गंगोला ने ऐपण कला की बारीकियों से बच्चों को अवगत कराया गया और बच्चों को पूरा आश्वाशन दिया गया कि पारंपरिक ऐपण कला के विषय में जब भी उन्हें कोई शंका हो तो वे उनसे अपनी शंका का समाधान करने के लिए हर समय उपलबध रहेंगे,वहींश्रीमती राखी साह (वृंदावन स्कूल की प्रधानाचार्या) द्वारा कहा गया कि बहुत जल्द अपनी ऐपण कला को बचाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रभात साह और प्रतियोगिात के सभी निर्णायकों द्वारा सभी को इस कला की बारीकियों से अवगत करवाया जाएगा। कार्यक्रम में साह-चौधरी समाज के अध्यक्ष सुरेश लाल साह समेत सचिव सुरेश चौधरी, श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, समेत विमल साह, आलोक साह, शैलेन्द्र चौधरी, मयंक साह, हितेश साह, हर्ष साह, मोहित साह, मोहित लाल साह, शैलेन्द्र चौधरी, पार्थ साह तथा किशन लाल साह तथा भारती साह और समाज के सभी सदस्यों द्वारा विशेष सहयोग दिया गया। कार्यक्रम में संचालन शैलेन्द्र साह द्वारा किया गया।

## News कॉर्नर

### ड्रिंक एंड ड्राइव में नैनीताल में वाहन सीज

**नैनीताल ।** फरीदाबाद से तल्लीताल सामान छोड़ने पहुंचे कैंटर चालक को शराब पीकर वाहन चलाना मंहगा पड़ गया। पुलिस ने चालक का मेडिकल कर उसका वाहन सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को फ रीदाबाद निवासी अरविंद कैंटर संखया एचआर 38 एएच 8908 में सामान लेकर नैनीताल पहुंचा था। यहां पहुंचकर वह अपना कैंटर वाहन फ ांसी गधेरा क्षेत्र में ले गया। गश्त के दौरान पुलिस की नजर वाहन पर पड़ी तो पुलिस ने चालक से पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि चालक एक बैंक की फर्नीचर सामग्री लेकर नैनीताल पहुंचा है लेकिन वह नशे में धुत था। पुलिस ने बीडी पांडे अस्पताल में तुरंत चालक का मेडिकल कराया। मेडिकल में चालक के नशे में होने की पुष्टि हुई। जिस पर पुलिस ने वाहन को कबजे में ले लिया। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत फ रीदाबाद निवासी अरविंद को गिरफतार कर उसका वाहन सीज कर दिया है।

### न्यू चैलेंजर और ग्रे हॉन्स ने जीते मुकाबले

**नैनीताल ।**फ्फलैट्स मैदान में पालिका मनोरंजन कलब की ओर से आयोजित प्रथम कुमाऊं कप फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को दो मुकाबले खेले गए।
पहले मुकाबले में न्यू चैलेंजर ने आईजीएफ सी व दूसरे मुकाबले में ग्रे हॉन्स ने झीलपार को हराया। उद्घोषक दीपक कुमार तथा रेफ री मो. अय्यूब, देवेंद्र बोरा तथा ब्रजेश बिष्ट तथा स्कोरर जनक बिष्ट रहे। इस मौके पर कलब के अध्यक्ष ललित मोहन पांडे समेत प्रतियोगिता अध्यक्ष गोपाल सिंह नेगी, सचिव बिलाल अली समेत हंसा दत्त बहुगुणा, मो. आरिफ , मोहन चिलवाल, विकास टांक समेत मंजीत सहदेव, अजय साह तथा मोहित लाल साह व रोहित भाटिया रहे।

# 31वीं निबंध प्रतियोगिता के विजेता सीआरएसटी इंटर कॉलेज सभागार हुए पुरुस्कृत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

31वीं नैनीताल समाचार निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कॉलेज के सभागार में हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर धनेश पांडे ने की तथा बाल प्रहरी के संपादक उदय किरौला समारोह के मुखय अतिथि थे। समारोह का संचालन उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की डा श्रुति पंत बनर्जी ने किया।
इससे पूर्व नैनीताल समाचार के संपादक राजीव लोचन साह ने कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए अध्यक्ष एवं मुखय अतिथि का व्यापक परिचय दिया। मुखय अतिथि उदय किरौला



आज भी बच्चों के बीच आन लाईन के माध्यम से व्यापक रूप से जुड़े रहते हैं। उन्होंने बच्चों के साथ के अपने संस्मरण और अनुभव श्रोताओं का बताए। उन्होंने बताया कि बच्चों से हम कया-कया सीख सकते हैं। मुखय अतिथि प्रोफेसर धनेश पांडे ने अपने संबोधन में निबंध लेखन और भाषा की सरलता पर व्यापक व्याखयान दिया। अंत में प्रतियोगिता में सफ ल रहे प्रतियोगी वरिष्ठ वर्ग में सुनयना तथा कावया जोशी तथा कृतिका बिष्ट व रिया वर्गली व आयुष्मान पचोलिया तथा रोजम मध्यम वर्ग के विजेता हर्षित अधिकारी व वंशिका तथा मौलश्री तथा महेश व कनिष्का वर्मा तथा स्वास्तिका तथा हितेश एवं कनिष्ट वर्ग के विजेता झनविका गुणवन्त समेत चंपा मेहरा व वासु त्यागी समेत खुशी व खुशबू बिष्ट तथा हर्ष जोशी को समानित किया गया। प्रतियोगिता की चल वैजयन्ती सील्ड भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल ने प्राप्त की।
समारोह में युगमंच के जहूर आलम समेत महिला मंच की डा उमा भट्ट व डा शीला रजवार व माया चिलवाल समेत हाईकोर्ट बार एसोशिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता के अलावा अमन बजाज व यतीश पंत व त्रिभुवन फर्त्याल समेत प्रधानाचार्य सैनिक स्कूल बिशन सिंह मेहता के अलावा नीलम जोशी सभी बच्चे एवं उनके अभिभावक आदि इस समारोह में मौजूद रहे जबकि नैनीताल समाचार की टीम से हरीश पंत व संजीव भगत समेत उमेश तिवाड़ी विश्वास के अलावा लाल सिंह चौहान व हरीश पाठक व मनमोहन चिलवाल व विनीता यशस्वी समेत जय जोशी व अजय कुमार व कन्चन समेत श्याम व दीपक आदि मौजूद रहे। अंत में दिनेश उपाध्याय द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

# रविवार तीन परिवारों के लिए काला दिन, तीन की गई जान

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

रविवार का दिन तीन परिवारों के लिए काला दिन साबित हुआ तीनों घरों में मातम पसरा है अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवाओं की जान चली गई, जो अपने-अपने घरों के 'इकलौते चिराग' थे। इन हादसों ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी और तेज रफ्तार के खतरों को उजागर किया है
पहली घटना मुखानी थाना क्षेत्र की है, जहां एक कार ने प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक महेंद्र सिंह को सड़क पार करते समय टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल शिक्षक को आईसीयू में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत बेहद नाजुक है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है, और पुलिस फरार कार चालक की तलाश कर रही है। वहीं, रविवार देर रात गौलापार के पास दो बाइकों की भीषण भिड़ंत हो गई, जिसमें चंदन सिंह और हरीश बृजवासी नामक दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक कास्तकारी करते थे और परिवार के आधार थे। इन दो हादसों के अलावा, तीसरी घटना रात गुलाबघाटी के पास भी हादसा हुआ। यहां दो दोस्त अपनी बुलेट बाइक से जा रहे थे, जो अनियंत्रित होकर क्रैश बैरियर से टकरा गई। बुलेट पर पीछे बैठा ऋषभ गैड़ा छिटककर गहरी खाई में जा गिरा। एचएम की पढ़ाई के बाद ऋषिकेश के होटल में नौकरी कर रहा ऋषभ दीवाली की छुट्टी पर घर आया था। वह अपनी मां का इकलौता सहारा था, जिनके पति का 18 साल पहले निधन हो चुका था। गंभीर रूप से घायल ऋषभ को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

### जान गंवाने वाले किसी भी युवक ने हेलमेट नहीं पहना था

पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गौलापार और गुलाबघाटी के हादसों में जान गंवाने वाले किसी भी युवक ने हेलमेट नहीं पहना था। तेज रफ्तार और सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी इन मौतों का मुख्य कारण बनी। एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी मे भेजा गया जहां तीनों शवों का पोस्मार्टम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा लगातार सड़क हादसों ने स्थानीय प्रशासन और नागरिकों के बीच जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता को बढ़ा दिया है। हालांकि पुलिस लगातार सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान चलाती है। लेकिन लोग इस अभियान को अनदेखा कर देते हैं जिससे उनके परिवार वालों को दुखों का सामना करना पड़ता है।



# बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला पहुंची नैनीताल, कहा- शूटिंग के लिए है बेहतरीन जगह

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला रविवार को नैनीताल पहुंचीं। नैनीताल पहुंचते ही फैंस ने उन्हें घेर लिया और सेल्फ ी लेने के लिए उमड़ पड़े। इस दौरान उर्वशी ने नैनीताल के मशहूर मोमो का स्वाद भी लिया और कहा कि उन्हें यहां का मौसम और माहौल बेहद पसंद है।
उर्वशी ने बताया कि उनका बचपन से नैनीताल से खास जुड़ाव रहा है और यह जगह उनके दिल के बेहद करीब है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि नैनीताल मेरा ननिहाल है यहां आकर हमेशा पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं। बता दें शनिवार को उर्वशी जागेश्वर धाम और कैंची धाम में दर्शन कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अब उत्तराखंड में हवाई कनेटिविटी बेहतर हो गई है जिससे यहां आना काफ ी आसान हो गया है। उर्वशी ने यह भी कहा कि नैनीताल शूटिंग के लिहाज से बेहद खूबसूरत स्थान है और वह भविष्य में यहां अपनी फि ल्मों की शूटिंग करना चाहेंगी। उन्होंने बताया कि अब पंतनगर एयरपोर्ट के माध्यम से नैनीताल तक पहुंचना सुविधाजनक हो गया है जिससे फि ल्म यूनिट्स के लिए यहां शूटिंग करना पहले से कहीं आसान हो गया है।



# नैनीताल जिले में वीकेंड पर बढ़ा ट्रैफिक दबाव

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

वीकेंड के दौरान नैनीताल जिले में पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का नैनीताल समेत भीमताल व मुक्तेश्वर तथा कैंचीधाम सहित अन्य पर्यटक स्थलों की ओर आवाजाही लगातार बनी हुई है।
बढ़ते वाहनों के दबाव को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा यातायात को सुचारु बनाए रखने हेतु प्रभावी ट्रैफि क डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। बता दें कि वीकेंड पर जनपद नैनीताल में बढ़े यातायात दबाव के बीच एसएसपी के निर्देशन में पुलिस कर्मी दिन-रात पूरी निष्ठा से यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में जुटे हैं।भारी वाहनों हेतु वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं साथ ही कैंचीधाम की ओर जाने वाले पर्यटकों के लिए विशेष शटल सेवा व्यवस्था की गई है जिसके तहत नैनीताल व ज्योलीकोट से कैंचीधाम जाने वाले पर्यटकों के वाहनों को भवाली सेनिटोरियम पार्किंग में पार्क कराया जा रहा है जहाँ से उन्हें शटल सेवा के माध्यम से कैंचीधाम भेजा जा रहा है जबकि भीमताल मार्ग से कैंचीधाम जाने वाले पर्यटकों के वाहनों को विकास भवन पार्किंग में रोका जा रहा है जहाँ से शटल सेवा के जरिए श्रद्धालु कैंचीधाम पहुँच रहे हैं। इस दौरान भीमताल तिराहे के पास काठगोदाम क्षेत्र में एवम भीमताल क्षेत्र में सडक़ पर टेकनिकल समस्या के कारण वाहनों तथा डंपर व ट्रेवलर के खराब हो जाने के कारण कुछ समय के लिए यातायात धीमा हुआ था जिसे पुलिस टीम द्वारा तत्परता से शीघ्र कार्रवाई करते हुए किनारे लगवाया गया और ट्रैफिक को सुचारु किया गया। एसएसपी के निर्देशन में सभी थानों व चौकी प्रभारियों व यातायात पुलिसकर्मियों' को अपने-अपने क्षेत्र में यातायात ड्यूटी पर तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं ताकि पर्यटकों एवं आमजनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



### 28 अकटूबर को होगी शास्त्रीय संगीत संध्या समर्पण

**नैनीताल ।** नैनीताल में 28 अकटूबर (मंगलवार)को ताल साधना संगीत अकादमी नैनीताल की ओर से शास्त्रीय संगीत संध्या समर्पणश् का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि यह कार्यक्रम सीआरएसटी इंटर कालेज के सभागार में आयोजित किया जाएगा। ताल साधना अकादमी के अमन महाजन ने बताया कि इस संध्या का उद्देश्य शास्त्रीय संगीत को प्रोत्साहन देना तथा नई पीढ़ी को भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा से जोडना है। कार्यक्रम में गायिका मधुलिका पांडे, डॉ. गगनदीप होठी और डॉ. रवि जोशी अपनी प्रस्तुतियां देंगे साथ ही शंभूनाथ भट्टाचार्य, गौरव बिष्ट तथा अमन महाजन और अकादमी के बच्चे भी अपनी प्रस्तुतियां देकर सुरों की शाम को और अधिक मनमोहक बनाएंगे।

# राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी को कर्मियों ने किया सम्मानित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 468वे दिन भी जारी रहा।
पौधारोपण अभियान के 468वें दिन पर्यटक आवास गृह बागेश्वर तथा बैजनाथ समेत कौसानी तथा अल्मोड़ा व डीनापानी तथा बिनसर तथा खैरना समेत भवाली में निगम कर्मचारियों के साथ पौधारोपण किया। दिनेश गुरुरानी ने आज प्रातः होली डे होम अल्मोड़ा में बद्रीनाथ धाम यात्रा में जा रहे यात्रियों को हिमालय बचाओ



अभियान के तहत शपथ दिलाई। यात्रियों को यात्रा मार्ग में पौधारोपण करने हेतु पौधे दिए गए। यात्रियों ने होली डे होम अल्मोड़ा परिसर में पौधारोपण किया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि सोमवार (आज) को संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के निगम मुखयालय नैनीताल में चुनाव होंगे। दिनेश गुरुरानी बिगत 30 वर्षों से अध्यक्ष हैं जो कि एक रिकॉर्ड है। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनको प्रत्येक आवास गृह व निगम की इकाईयों में 30 वर्षों के कार्यों को देखते हुए निगम कर्मचारियों ने सममानित किया। वहीं उन्होंने भी संगठन का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होने पर कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर सममानित किया।

# सरकार धान की सरकारी खरीद के आंकड़े जारी करके अपने मुंह मियां मिट्ठू बनती हैः नेता प्रतिपक्ष

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

यशपाल आर्य (नेता प्रतिपक्ष) ने कहा कि उत्तराखंड सरकार धान की सरकारी खरीद के आंकड़े तो जारी करके अपने मुंह मियां मिट्ठू बनती है! हकीकत में धान का एक-एक दाना खरीदने के धाकड़ झूठ व जुमला आदेश की असलियत मंडियों में धान की दुर्गति से जगजाहिर है।
उन्होंने कहा कि न बाढ़ मुआवजा न एमएसपी व न आढ़त, खाद की मारोमारी भाजपा का किसानों पर जुल्म जारी है !नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उत्तराखंड के



किसानों की खरीफ सीजन की त्यौहार के दिनों में भी झूठ का पहाड़ा सुनाने वाली सरकार आखिर कब तक किसानों को धोखा परोसते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने कच्चे आढ़तियों को एमएसपी पर धान खरीदने के लाइसेंस दिया है। सरकार उन्हें धान की तुलवाई तथा परिवहन आदि का खर्च भी दे रही है। इसके बाद भी वह किसानों के धान नहीं खरीद रहें हैं। सरकार ने बिचैलियों को इतने अधिकार दे दिए कि इससे किसानों का हक मारा जा रहा है।
प्रशासन किसानों को भ्रमित कर रहा है और समय पर खरीद न होने से उनका नुकसान हो रहा है। आर्य ने कहा कि किसान मंडी कतार से बचने के लिए निजी गोदामों में धान बेच रहे हैं, व्यापारियों द्वारा भारी कटौती और फर्जी तरीके से नमी की जांच की जा रही है। किसानों का धान औने-पौने में खरीदा जा रहा है। ऐसे में किसानों को फसल का सही दाम नहीं मिल पा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि तौल केंद्रों पर धान खरीद नहीं होने से मंडी परिसर में धान से भरी ट्रैकटर ट्रॉलियों की कतारें लगी हुई हैं। किसान मंडी में धान से भरे वाहनों को खड़ा कर चैकीदारी कर रहे हैं लेकिन तौल नहीं हो रही है। यूपी के किसानों से सस्ते में खरीदे धान को ऑनलाइन पोर्टल में चढ़ाया जा रहा है। आर्य ने कहा कि कांग्रेस की माँग है तत्काल प्रदेश सरकार विभागीय अधिकारियों को सखत निर्देश देकर धान खरीद समय से और पारदर्शिता के साथ सुचारू कराए।